www.wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

जन मन की आवाज



सम्पर्क

ई-पेपर में खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818



वर्ष-1 | अंक-119 | सागवाड़ा, गुरुवार,30 दिसम्बर, 2021 | अवधिः हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


## REET-2022 होगी 14-15 मई को

# गहलोत सरकार करेगी 20 हजार शिक्षकों की भर्ती

जयपुर ।REET-2021 में पदों की संख्या 50 हजार करने की मांग को भले ही गहलोत सरकार ने नहीं माना, लेकिन 20 हजार शिक्षकों की भर्ती REET-2022 के तहत की जाएगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ट्वीट कर बताया है कि वर्ष 2022 में 14-15 मई को REET कराने का निर्णय किया है। इससे प्रदेश को करीब 20 हजार नए शिक्षक मिल सकेंगे। इस भर्ती में विशेष शिक्षकों के लिए भी प्रावधान किया जाएगा। इससे युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे।




सीएम गहलोत ने अपने दूसरे ट्वीट में बताया है- इसके साथ ही पैराटीचर्स, शिक्षाकर्मी, मदरसा पैराटीचर्स एवं पंचायत सहायकों की समस्याओं को भी माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्णयों को ध्यान में रखते हुए हल करने के लिए समयबद्ध रूप से कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए हैं। REET-2021 के तहत गहलोत सरकार 31 हजार शिक्षकों की भर्ती करेगी, लेकिन राजस्थान में ग्रेड थर्ड के शिक्षकों के 50 हजार से ज्यादा पद खाली चल रहे हैं। यही वजह है कि लंबे समय से युवा बेरोजगार भर्ती में पदों की संख्या 50 हजार करने की मांग कर रहे हैं। बीते दोनों ट्विटर पर बेरोजगारों ने ट्रेंड भी चलाया था। मुख्यमंत्री निवास पर गुरुवार शाम को हुई शिक्षा विभाग की बैठक में कई निर्णय लिए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के बच्चों को अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए खोले जा रहे महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों को लेकर लोगों में अच्छा फीडबैक है। इन स्कूलों को और बेहतर बनाने के प्रयास किए जाएं। साथ ही, इसका विश्लेषण करें कि आवश्यकता के आधार पर किन-किन क्षेत्रों में और अधिक संख्या में यह स्कूल खोले जा सकते हैं। इन स्कूलों में अंग्रेजी में अध्यापन की योग्यता रखने वाले शिक्षक लगाए जाएंगे। इसके लिए भर्तियों में उचित व्यवस्था की जाएगी।

## विद्यार्थियों को कृषि शैक्षणिक भ्रमण करवाया

**सागवाड़ा।** कृषि विज्ञान केंद्र फलोज में महाराणा प्रताप इंटरनेशनल अकादमी की ओर से कक्षा 11 व 12 के कृषि संकाय के विद्यार्थियों का कृषि शैक्षणिक भ्रमण करवाया। कृषि विज्ञान केंद्र के निदेशक डॉ. सीएम बलाई के निर्देशन में विधार्थियों को उन्नत कृषि, परम्परागत कृषि, जैविक कृषि, पशुपालन, उद्यान विज्ञान, मौसम विज्ञान के उपकरण, केंचुआ पालन, नवीन कृषि तकनीकों एवं कृषि क्षेत्रों से अवगत कराया। डा्. बलाई ने विद्यार्थियों को कृषि विज्ञान केंद्र के कार्य जैसे किसानों को खेती की सलाह, ग्रामीणों को व्यवसाय का प्रशिक्षण, कृषि प्रदर्शनी के बारे में बताया। इस दौरान विद्यालय सचिव राकेश मेहता, अकादमी निदेशक संजीव शर्मा मौजूद थे।

## नगरपालिका अतिक्रमण दल ने 15 वर्ष पुराने अतिक्रमण हटाया

**सागवाड़ा।** कब्रस्तिान रोड से मसानिया तालाब जाने के रास्ते पर इदगाह की बाउण्ड्रीवाल के बाहर अज्ञात व्यक्ति की ओर से मकान का मलबा डालकर रास्ते की जमीन पर अतिक्रमण करने की मंशा से मलबा डाला गया था।मलबा पड़ा रहने से रास्ता छोटा कर दिया था। मलबा पड़ा होने से नाली भी अवरुद्ध हो रही थी तथा नाली का पानी सडक् पर आ रहा था। स्वच्छ भारत मिशन पर प्रतिकुल प्रभाव पड़ रहा था।

अतिक्रमण दल के पंकज शर्मा, हेमन्त जोशी, प्रकाश हरिजन एवं पुलिस जाब्ते की मौजूदगी में जेसीबी से अतिक्रमण हटा रास्ता खुलवाया। अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार मोहिल ने बताया कि नगरपालिका की ओर से अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की जा रही है। शहरवासियों को चेतावनी देते हुए सात दिन में अतिक्रमण हटाए अन्यथा अतिक्रमण दस्ता कार्रवाई करेंगा।

## परतापुर- दिगंबर जैन मंदिर में बड़ी चोरी

# 18 किलो चांदी के छत्र-सिंहासन, 66 किलो की अष्टधातु की 6 मूर्तियां चोरी

**परतापुर।** परतापुर की आदिनाथ कॉलोनी स्थित मंदिर में बुधवार रात चोरी की वारदात हुई है।श्री दिगम्बर जैन मंदिर से चोर करीब 18.31 किलो चांदी के छत्र, सिंहासन और 66 किलो की अष्टधातु की 6 मूर्तियां चुरा ले गए। गुरुवार सुबह भक्त मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे, तब चोरी का खुलासा हुआ। लोगों ने पुलिस की गश्त पर ही सवाल खड़े किए हैं। सूचना पर बांसवाड़ा स्क्र राजेश कुमार मीणा, DSP सूर्यवीरसिंह, गढ़ी CI पूनाराम गुर्जर ने मौका मुआयना किया। FSL की टीम ने मौका मुआयना कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। बताया जा रहा है कि चोर मंदिर से आभूषण और करीब 21 हजार की नकदी ले गए हैं।जैन समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि मंदिर में चोर रात करीब 1 से 3 बजे के बीच घुसे। चोरों ने मंदिर के उत्तर दिशा वाले दरवाजे से प्रवेश किया। इसके बाद गर्भगृह को जाने वाले मार्ग का दरवाजा तोड़ा। अंदर कांच के दरवाजे को काटकर वारदात को अंजाम दिया। मंदिर में 8 CCTV कैमरे लगे हुए हैं, जो करीब एक महीने से बंद पड़े हैं। बंद CCTV के बारे में जानने के अलावा चोरों को गर्भगृह का नक्शा भी पता था।

### विरोध में रैली निकाली, थाने का घेराव किया

मंदिर में चोरी के विरोध में बड़ी संख्या में महिलाओं सहित कस्बे के लोगों ने रैली निकाली। मंदिर पर इकट् ?ठा होकर निकले लोग थाने तक पहुंच गए और घेराव किया। बाद में समाज के लोगों ने पुलिस से गश्त बढ़ाने और पुख्ता इंतजाम करने को कहा। पुलिस ने भी लोगों को भरोसा दिया कि चोरों को जल्द पकड़ लिया जाएगा और चोरी का सामान बरामद किया जाएगा।

### मंदिर से यह सामान चोरी हुआ

* अष्टधातु से बनी भगवान की 6 मूर्तियां (प्रति मूर्ति वजन 11 किलो यानी 66 किलोग्राम वजनी)
* चांदी निर्मित भगवान के 6 सिंहासन (प्रति सिंहासन का वजन डेढ़ किलो यानी 9 किलो चांदी)
* भामंडल करीब 6 कुल 600 ग्राम चांदी।
* 400 ग्राम वजनी चांदी के 5 छत्र।
* दण्डिया 5 कुल 50 ग्राम वजनी।
* 700 ग्राम वजनी चांदी की 2 कलश झारी।
* 480 ग्राम वजनी थाली।
* 200 ग्राम वजनी चार छोटे कलश।
* 400 ग्राम वजन के दो कलश।
* 3 किलोग्राम वजनी वक्री चांदी के दो छत्र।
* 100 ग्राम वजनी चांदी के दो यंत्र
* 250 ग्राम वजनी चांदी के दो मुकुट।
* 130 ग्राम वजनी एक छत्र।
* एक किलो 40 ग्राम वजनी अष्ट मंगल।
* 1040 ग्राम वजनी प्रतिहार्य।
* भंडार पेटी में रखी करीब 21 हजार रुपए की नकदी।

## खेड़ावल ब्राह्मण समाज की ओर से दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

**सागवाड़ा।** खेड़ावल ब्राह्मण समाज की ओर से दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ बिरला मन्दिर प्रांगण में हुआ। मुख्य अतिथि समाज के अध्यक्ष दिनेश शर्मा थे। अध्यक्षता रमेशचंद्र शर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि सुरेंद्र शर्मा, सुरेशचंद्र ठाकुर, जयेश मेहता व राजेश शर्मा थे।

प्रारंभ में मां वरददक्षिणी माता की आराधना करते हुए आयोजन प्रमुख धर्मेंद्र शर्मा ने प्रतियोगिता के नियमों की जानकारी दी। वरिष्ठ खिलाड़ी लोकेश ठाकुर ने अतिथियों का परिचय करवाया। मुख्य अतिथि शर्मा ने बल्लेबाजी कर एवं अशोक पंड्या ने गेंदबाजी कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। शर्मा ने सभी बाल वर्ग की प्रशंसा करते हुए सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने व ऐसे आयोजन करने पर जोर दिया। उन्होंने पूर्ण मर्यादा व अनुशासन के साथ आयोजन को पूर्ण कर एकता को कायम रखे।

इस दौरान कल्पेश शर्मा, जगदीश, जयंतीलाल कसारा, दीपक कंसारा, रंजना ठाकुर, आरती ठाकुर, सुषमा शर्मा, गुणमाला शर्मा, सपना शर्मा, वीणा ठाकुर, श्रुति शर्मा, तिथि मेहता,चार्वी शर्मा मौजूद थे। संचालन नरेश शर्मा ने किया। आभार कृष्ण शर्मा ने व्यक्त किया। प्रतियोगिता का समापन शुक्रवार शाम पांच बजे रामद्वारा परिसर में रामस्नेही सन्त पुनितराम महाराज के सान्निध्य में तथा पार्षद इंद्रजीत मकवाना, भंवरलाल शर्मा एवं अशोक पंड्या के आतिथ्य में होगा।

## फरवरी को जयपुर चलने का आह्वान

**सागवाड़ा।** आंगनवाड़ी महिला कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने नादिया एवं जसैला सेक्टर का दौरा कर 11 सूत्री मांग को लेकर 25 फरवरी को जयपुर चलने का आह्वान किया।संपर्क टोली में आंगनवाड़ी महिला कर्मचारी संघ की अध्यक्ष रसीला जैन, महामंत्री भारती मेहता, मंजुला जोशी एवं हरीशचंद्र सोमपुरा ने संपर्क करते हुए संगठन को मजबूत करने प्रेरित किया। नादिया सेक्टर से रंजना जोशी, मंजुला पारगी, जानी पाटीदार तथा तथा जसेला सेक्टर से अध्यक्ष आशा पारगी, लक्ष्मी गरासिया, बबली खांट व गंगोत्री ने आश्वस्त किया कि एक बस भरकर कर्मचारी धरने में जयपुर जाएंगे। मांग पत्र में आंगनवाड़ी कर्मचारियों को राज्य कर्मचारी घोषित करने, नियमितीकरण नहीं होने तक 18 हजार वेतन देने की मांग प्रमुख है।

## बनकोड़ा में श्री मेवाड़ा कलाल समाज आसपुर चोखला बेणेश्वर क्षेत्र की खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

**आसपुर।** श्री मेवाड़ा कलाल समाज आसपुर चोखला बेणेश्वर क्षेत्र की तृतीय खेलकूद प्रतियोगिता का डूंगरपुर जिले के बनकोडा कस्बे में गुरुवार को शुभारंभ हुआ। चार दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में कुल 18 टीम भाग ले रही है। बनकोडा कस्बे के खेल मैदान आयोजित हो रही क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन श्री मेवाड़ा कलाल समाज आसपुर चोखला बेणेश्वर क्षेत्र के अध्यक्ष कन्हैयालाल कलाल मुंगेड , युवा मण्डल अध्यक्ष मुकेश कलाल बनकोडा, खेल प्रभारी गणेश लाल कलाल साबला, संरक्षक कारूलाल कलाल आसपुर, नानूलाल कलाल जोगीवाड़ा, कांतिलाल कलाल , कन्हैयालाल कलाल , प्रभुलाल कलाल , रामलाल कलाल व राकेश कलाल बनकोडा ने भगवान सहस्त्रबाहुअर्जुन के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया। इस दरम्यान समाज अध्यक्ष कन्हैयालाल कलाल ने समाज की होनहार प्रतिभाओ को तराशने के लिए मय समय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन की महत्ता को रेखांकित किया।

वही सभी प्रतिभागियों को परस्पर प्रेम, उल्लास के साथ संगठित होकर खेल भावना के साथ आयोजन को सफल बनाने के लिए प्रेरित किया। समारोह में खेलकूद कमेटी अध्यक्ष दीपक कलाल साबला, सचिव अशोक कलाल धानमंडी आसपुर, उपाध्यक्ष तुषार कलाल जोगीवाड़ा, हितेश कलाल आसपुर, मेहुल कलाल आसपुर, विकास कलाल मुंगेड , विपिन कलाल पूंजपुर ने अतिथियों का दुपट्टे की रस्म के साथ स्वागत किया। प्रतियोगिता के पहले दिन बंशीलाल कलाल गडा नाथजी की ओर से चतुर्थ खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन में सम्पूर्ण भामाशाह के रूप में घोषणा की गई।

इस मौके पर चिमनलाल कलाल वमासा, धूलजी कलाल आसपुर, लक्षण कलाल आसपुर, भूपेंद्र कलाल टोकवासा नाथूलाल कलाल आसपुर सहित समाज के वरिष्ठ जन व समाज जन मौजूद रहे।

प्रतियोगिता के पहले दिन वमासा इलेवन, कटारा वॉरियर्स, वागड़ ब्रदर्स, राधे कृष्णा सोभावटी,सहस्त्रबाहु सागवाड़ा विजय रही।

## पाटीदार समाज के स्नेह सम्मेलन एवं खेलकूद प्रतियोगिता में हुए रौचक मुकाबले



**सागवाड़ा।** पाडवा में चल रहे पाटीदार समाज के स्नेह सम्मेलन एवं खेलकूद प्रतियोगिता में क्रिकेट, बैडमिंटन, टेबल टेनिस और वॉलीबाल डायरेक्ट, इनडायरेक्ट के मैच खेले गए। प्रतियोगिता के ऑब्जर्वर प्रभुलाल पाटीदार सिलोही ने बताया कि वॉलीबाल इनडायरेक्ट के पहले सेमीफाइनल में अंबाडा ने सिलोही को 2-0 से तथा दूसरे सेमीफाइनल मैच में लिमड़ी ने सेमलिया को 2-1 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। क्रिकेट में पहले सेमीफाइनल में भीलूड़ा चौखले ने पाड़वा बी को हराया। दूसरे सेमीफाइनल मैच में दीवड़ा चौखले ने चौरासी क्षेत्र को हराकर फाइनल में, वॉलीबाल डायरेक्ट में लिमड़ी ने मोवाई को तथा दूसरे सेमीफाइनल में कानपुर ने डैयाणा को हराकर फाइनल में जगह बनाई। टेबल टेनिस सीनियर सिटीजन वर्ग में 75 वर्षीय वेलचंद चीखली ने 70 वर्षीय नानजीभाई घाटा को हराकर विजेता बने। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक देवीलाल पाड़वा ने बताया कि बैडमिंटन में यश पाटीदार, साहिल पाटीदार, रोहन पाटीदार एवं भव्य अगले दौर में पहुंचे। टेबल टेनिस जूनियर में रोमिल पाटीदार और रौनक पाटीदार वनोरी फाइनल में पहुंचे। सेमीफाइनल में प्रदीप पाटीदार, नरेश पाटीदार, कौशिक पाटीदार, हितेश ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया। विशाल लिमडी, निखिल अंबाड़ा, जुगल भेमई, उपेंद्र कानपुर का खेल श्रेष्ठ रहा। आयोजक पाड़वा के हिरण्य पाटीदार, डायालाल पाटीदार, उद्धव पाटीदार, रमेश पाटीदार, वासुदेव पाटीदार ने सहयोग किया। खेल समिति के जिलाध्यक्ष हरिश्चन्द्र अंबाड़ा, सचिव महेश जसेला और कोषाध्यक्ष विनोद सिलोही ने जलपान, भोजन एवं पुरस्कार वितरण के भामाशाहों का आभार व्यकत किया।

इस दौरान गोविंद दीवडा छोटा, शिवशंकर भेमई, शिवराम नादिया, मोहनलाल सेमलिया घाटा, हरिविट्ठल सिलोही, रमणलाल सागवाड़ा, देवीलाल नंदौड़, मनोज भेमई मौजूद थे।

## 3 जनवरी से लगेंगे 15 से 18 वर्ष की आयु के बच्चों को कोविड-19 के टीके



**जयपुर।** राजस्थान प्रदेश में कोविड की संभावित तीसरी लहर की आहट के बीच अब बच्चों को भी टीकाकृत करने का निर्णय लिया गया है। महामारी से बचाव के इस सुरक्षा चक्र अभियान में 3 जनवरी से 15 से 18 वर्ष की उम्र के बच्चों को वैक्सीन की खुराक दी जाएगी। जिले में इस अभियान हेतु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर दिनेश खराड़ी ने बताया कि जिले में 18 वर्ष से ऊपर की लगभग 88 प्रतिशत आबादी को वैक्सीन की प्रथम डोज़ लगाई जा चुकी है। राज्य सरकार से अब 15 से 18 वर्ष तक के बच्चों को भी टीकाकृत करने के दिशा निर्देश प्राप्त हुए हैं। इस आयु वर्ग के लगभग 2 लाख 15 हजार बच्चे हैं।

## दिशा डिग्री कॉलेज में एकदिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजन




**डूंगरपुर।** राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत दिशा डिग्री कॉलेज डुंगरपुर में एकदिवसीय शिविर का आयोजन हुआ।

शिविर के मुख्य अतिथि नगरपरिषद डूंगरपुर के पार्षद और संजीवनी केंद्र के प्रभारी बृजेश भारतीय, हास्य कवि सुरेश सरगम तथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की ब्रांड एम्बेसडर नीता भारतीय रही।

शिविर के दोनो सत्र के दौरान अतिथियों ने छात्रों को राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत उद्बोधन से प्रेरित किया।

अतिथियों का स्वागत महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. प्रियंका चौबीसा ने किया। वही व्याख्याता लोचन जोशी ने एनएसएस योजना की जानकारी दी। इस अवसर पर छात्रो ने शास्त्री कॉलोनी एवं महाविद्यालय परिसर की सफाई करके स्वच्छता का संदेश दिया। कॉलेज निदेशक डॉ. सुबोधकांत नायक ने शिविर में एनएसएस के मूल ध्येय की भावना को आत्मसात करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अतिथि बृजेश भारतीय ने उपस्थित छात्रो से अवसाद और तनाव से बचने के उपायों पर प्रकाश डाला,वही नीता भारतीय ने लिंगानुपात के साथ वर्तमान में बेटियों के प्रति बढ़ रहे अपराधों पर चर्चा करते हुए महिला सशक्तीकरण के विभिन्न उदाहरण प्रस्तुत किये। वही कवि सुरेश सरगम ने वागड़ी प्रस्तुतियो से छात्रों का मनोरंजन किया।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. प्रियंका चौबीसा ने राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत राष्ट्र हित मे तन मन से सहयोग देने की अपील की। शिविर के दौरान कॉलेज छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता एवं शिविर प्रभारी प्रकृति पंड्या ने किया। इस अवसर पर चिराग प्रजापत,पल्लव दर्जी,सावन साद,माधुरी कटारा आदि उपस्थित रहे।

## जयपुर में कोरोना विस्फोट, मिले 185 नये केस

**जयपुर।** राजस्थान में कोरोना की रफ्तार दिनो दिन बढती जा रही है। कोरोना के बढते केंस आमजन के लिए चिंता का बिषय बन गये है। कोरोना के बढते केंसो के बाद सरकार ने भी सख्त एक्शन लेना शुरू कर दिया है। गुरूवार को जारी कोरोना की रिपोर्ट के मुताबिक अकेले राजधानी जयपुर मे 185 केंस सामने आये है।

## शीतलहर ने बढ़ाई ठिठुरन

**जयपुर।** राजस्थान में उत्तरी हवाओं का असर बढ़ने से सर्दी के तेवर तेज हो गए। अधिकांश शहरों के न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। प्रदेश में सबसे कम तापमान सीकर के फतेहपुर शेखावाटी में 1.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जयपुर, श्रीगंगानगर, चूरू, उदयपुर, भीलवाड़ा समेत कई जिलों में पारा 1 से 5 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़का। जैसलमेर, बीकानेर, श्रीगंगानगर,बूंदी में सुबह कोहरा छाया रहा। मौसम विभाग की माने तो कोहरा कुछ दिन तक ऐसे ही बना रहेगा। जयपुर मौसम केन्द्र से मिली रिपोर्ट को देखें तो उदयपुर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ जिलों में बीते 24 घंटे के न्यूनतम तापमान में 4 डिग्री सेल्सियस से भी ज्यादा की गिरावट दर्ज हुई।

## मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा कि वे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जीवनी को अवश्य पढ़ें इससे मिलने वाली सीख हमेशा आपका मार्गदर्शन करती रहेगी

# पं. जवाहर लाल नेहरू ने देश के विकास की नींव रखीः गहलोत

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि ईमानदार एवं संजीदा प्रशासनिक अधिकारी का जनता भी साथ देती है। हर अधिकारी के सेवाकाल में कुछ मुश्किल और चुनौती भरे क्षण भी आते हैं, लेकिन अधिकारी कार्यकुशल, ईमानदार एवं संवेदनशील है तो सफलतापूर्वक इनका सामना कर पाता है और समाज में उसे भरपूर मान-सम्मान मिलता है। नए अधिकारी सादगी के साथ आवश्यकताओं को सीमित रखते हुए संवेदनशील, पारदर्शी और जवाबदेह सुशासन के संकल्प को साकार करें। जब भी कलम चलाएं तो आपकी दृष्टि में




समाज के निर्धनतम और अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति का हित सर्वोपरि होना चाहिए। गहलोत गुरूवार को हरीशचन्द्र माथुर लोक प्रशासन संस्थान में राजस्थान राज्य सेवाओं के वर्ष 2021 बैच के आधारभूत प्रशिक्षण शुभारम्भ कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने इन सब नवचयनित अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे सकारात्मक सोच के साथ अपनी भावी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। लम्बे करियर में उन्हें कई बार आलोचना का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में बदले की भावना रखे बिना संयमित व्यवहार एवं शालीनता के साथ आगे बढ़ें। मुख्यमंत्री ने कहा कि कई बार तकनीकी खामियों या न्यायालयों में वाद दायर होने के कारण भर्तियों को पूरा करने में समय लग जाता है, लेकिन राज्य सरकार इन सब अड़चनों को दूर कर भर्ती एवं नियुक्ति प्रक्रिया को समयबद्ध बनाने का हरसंभव प्रयास कर रही है। न्यायालयों में विचाराधीन मामलों में प्रभावी पैरवी कर युवाओं को शीघ्र नियुक्तियां दी गई हैं। इसी का परिणाम है कि तीन साल में करीब एक लाख नियुक्तियां दी गई हैं और इतने ही पदों पर भर्ती प्रक्रियाधीन है।